**Amar Ujala Page No.09 Dated: 14.09.2022**

# अंबेडकर विश्वविद्यालय में यूजी में दाखिले की दौड़ शुरू

## दाखिला पोर्टल पर अब तक 800 से अधिक आवेदन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के अंबेडकर विश्वविद्यालय में स्नातक दाखिले की दौड़ शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दाखिले के लिए पोर्टल शुरू कर दिया है। एक दिन में ही 800 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है। इच्छुक छात्र 12 अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय दाखिले को लेकर अधिक जानकारी आगामी शुक्रवार को जारी करेगा।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार नितिन मलिक के मुताबिक, जिन छात्रों ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेंस्ट (सीयूईटी) दिया है, वे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अभी तक 800 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है। सीयूईटी के माध्यम से किए जाने वाले दाखिले, नए पाठ्यक्रम और हेल्पलाइन नंबर को लेकर जानकारी जारी की जाएगी।

विश्वविद्यालय के मुताबिक, सीयूईटी के अंकों के आधार पर छात्रों को दाखिला दिया जाएगा। यदि किसी छात्र के सीयूईटी अंक समान होते हैं, तो इस स्थिति में छात्रों के चार विषयों को जोड़ा जाएगा। यदि फिर भी अंक समान होते हैं, तो जिस छात्र ने पहले आवेदन किया है, उसे दाखिला देने में तवज्जों दी जाएगी।

### आईपीयू : बीटेक में काउंसलिंग के लिए 19 तक करें आवेदन

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विवि से बीटेक और लैटरल एंट्री टू बीटेक में दाखिले के लिए सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन काउंसलिंग का दूसरा राउंड शुरू होने जा रहा है। दूसरे राउंड की काउंसलिंग प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए 19 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है। इन दोनों प्रोग्राम के लिए योग्य आवेदक एक हजार रुपये की काउंसलिंग फीस 19 सितंबर तक ऑनलाइन जमा करा सकते हैं। बीटेक के ऐसे आवेदक जिन्होंने 12,00 रुपये आवेदन शुल्क के रूप में जमा नहीं किया है वे काउंसलिंग फीस के साथ इसे भी 19 सितंबर तक जमा करा सकते हैं। दोनों प्रोग्राम के लिए च्वाइस फीलिंग का विकल्प 21 से लेकर 26 सितंबर तक उपलब्ध रहेगा। ब्यूरो

**Hindustan Hindi Page No. 05 Dt.14.09.2022**

# अंबेडकर विवि का नामांकन पोर्टल शुरू

नई दिल्ली। डॉ बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली ने भी दाखिला पोर्टल का प्रवेश पोर्टल स्नातक दाखिला के लिए शुरू हो चुका है। इसमें 800 से अधिक विद्यार्थियों ने नामांकन किया है। विवि के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन मलिक ने बताया कि विश्वविद्यालय शुक्रवार को इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा।

**Navbharat Times Dated 14.09.2022**

# यूजी दाखिले के लिए AUD का पोर्टल खुला

■ विस, नई दिल्ली : दिल्ली की आंबेडकर यूनिवर्सिटी में एडमिशन पोर्टल लाइव हो चुका है। यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को जानकारी दी कि अब तक 800 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। 12 अक्टूबर तक स्टूडेंट्स ऐप्लिकेशन फॉर्म भर सकते हैं। सीयूईटी ऐप्लिकेशन नंबर, डेट ऑफ बर्थ भरकर रजिस्टर (aud.ac.in/admissions/ug_admissions) करना होगा। डीयू में दाखिले के लिए सीयूईटी देना और सीएसएएस 2022 रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। यूनिवर्सिटी में यूजी कोर्सेज के लिए 362598 रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

**Dainik Jagran ( Jagran City) Page No. 01 14.09.2022**

# डा. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन की दौड़ शुरू

जासं , नई दिल्ली: दिल्ली विश्वविद्यालय के बाद अब डा. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय में भी शैक्षणिक स्तर 2022-23 में स्नातक के विभिन्न कोर्सेज में दाखिले के लिए आवेदन की दौड़ शुरू हो चुकी है। कुलसचिव डा. नितिन मल्लिक ने बताया कि जिन छात्रों ने केंद्रीय विश्वविद्यालय पात्रता परीक्षा (सीयूईटी) दी है वे विश्वविद्यालय के आनलाइन पोर्टल पर जाकर दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। उनके मुताबिक आवेदन प्रक्रिया 12 सितंबर से शुरू की गई थी। जिसमें मंगलवार तक 800 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है। जबकि आवेदन प्रक्रिया 12 अक्टूबर को समाप्त होगी। छात्रों को इस सत्र में कटआफ की जगह सीयूईटी के अंकों के आधार पर तैयार केंद्रीयकृत मेरिट से दाखिला दिया जाएगा। दाखिले के लिए आवेदन करने वाले छात्रों में से अगर किसी दो छात्रों के समान अंक होंगे तो दोनों के श्रेष्ठ चार विषयों के अंक देखे जाएंगे। अगर उसमें भी अंक समान हैं तो फिर जिस छात्र की उम्र अधिक होगी उसे दाखिला मिलेगा।

**Hindustan Times Page No. 05 Dated 14.09.2022**

# DU aspirants rue errors in CUET data

HT Correspondent
htreporters@hindsutantimes.com

**On Day Two**

**34,039** registrations received by Delhi University on Tuesday till 6pm

**800** registrations received by Ambedkar University till Tuesday afternoon

**September 15** CUET announcement likely

Personal details of a candidate cannot be modified on the CSAS portal as it picks up these details directly from the CUET portal

NEW DELHI: Aspirants who had included Delhi University among their preferred universities at the time of applying for the common university entrance test (CUET) have started signing up on the common seat allocation system (CSAS), the new portal launched by the varsity on Monday to carry out admissions on the basis of CUET scores.

However, those students who had not included DU among their preferred institutions while filling up CUET forms are now in a quandary as the admissions portal is not allowing such students to even register.

Deepali, a government school student, said she was not allowed to register on the portal on Tuesday. "I had not opted for DU while applying for CUET; I was hoping I could that when the university opens its registration process. But, now, when I tried logging in, I got an error message that I had "not given the intent to apply to the university". I will be contacting DU to figure a way out," said Deepali, who goes only by her first name.

Many others who appeared for CUET but did not opt for the correct subject combination or furnished incorrect details in their CUET forms are also a worried lot as the CSAS is automatically picking up personal details from the CUET forms, leaving no scope for correction.

Students said they couldn't opt for the correct subjection combination earlier owing to confusion or a lack of clarity. Many of them took to social media platforms such as Twitter on Tuesday to request the National Testing Agency (NTA), which conducted CUET, to open a correction window. The testing agency last opened a correction window in August and there is no information if, or when, the window will be opened again.

NTA officials did not respond to queries seeking clarity on the correction window.

Dean (admissions), DU, Haneet Gandhi said personal details of a candidate cannot be modified on the CSAS portal as it picks up these details directly from the CUET portal. "Personal details such as name, photograph and signature submitted by the applicant during CUET (UG)-2022 will be automatically integrated into CSAS-2022. Students will not be able to edit these details," said Gandhi, adding that details in other fields can be edited.

She said the university had stressed on the importance of opting for the correct subject combinations while filling CUET forms. "We had asked students to opt for subjects that they had studied in Class 12 while appearing for CUET," said Gandhi.

On Day One of the registration process on Monday, Delhi University received around 18,000 registrations till 9pm.

Many applicants are also waiting for CUET results, which is expected by September 15, before they register on the DU portal.

Anisha Srivastava, a DU aspirant, said she was yet to fill out the form but had logged on to the DU admission portal to get an idea about the process. "My friend and I were checking out the admission portal. However, it soon crashed and we were unable to access the website after that. We hope that the process is not too cumbersome," said Srivastava, a student of ITL Public School, Dwarka.

Besides DU, Ambedkar University also launched its admission process on Monday. The university received over 800 applications till Tuesday afternoon, registrar Nitin Malik said.